# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 12

Chapter Name : आषाढ़ का पहला दिन

Q1 (क) किसान को बादलों का इंतज़ार क्यों रहता है?

(ख) कवि को वर्षा होने पर किसान की याद क्यों आती है?

(ग) कवि ने किसान की तुलना चातक पक्षी से क्यों की है?

Answer. (क) किसान को बादलों का इंतज़ार इसलिए रहता हैं क्योंकि बादलों के आने से बारिश होती है जिससे किसानों के खेत की सिंचाई होती है।

(ख) कवि को वर्षा के समय किसान की याद इसलिए आती है क्योंकि वर्षा होती है तो किसान की खेती अच्छी होती है और किसान की खेती से ही हम सबका पेट भरता है।

(ग) कवि ने किसान की तुलना चातक पक्षी से की है क्योंकि चातक पक्षी स्वाति नक्षत्र की बूँद ही पीता है वरना वह प्यासा ही रहता है , उसी प्रकार किसान अपनी धरती की प्यास वर्षा के पानी से ही बुझाता है।

Page No : 83 , Block Name: पाठ से

Q2 (क) कवि ने कविता में वर्षा ऋतु का वर्णन किया है। वर्षा ऋतु के बाद कौन-सी ऋतु आती है? उसके बारे में अपना अनुभव बताओ।

(ख) वर्षा ऋतु से पहले लोग क्या-क्या तैयारियाँ करते हैं? उनमें से कुछ लोगों के बारे में जानकारी एकत्र कर सूची बनाओ।

Answer. (क) वर्षा ऋतु के बाद शीत ऋतु आती है। शीत ऋतु में सर्दी पड़ती है। सर्दी के बचने के लिए गर्म ऊनी कपड़ों की आवश्यकता होती है | सर्दी में कोहरा जम जाता है और दूर का कुछ दिखाई नहीं देता।

(ख) वर्षा ऋतु से पहले लोग अपने घरों की मरम्मत का काम करवा लेते है | बरसात से बचने के लिए छातें, बरसातियाँ ले कर रख लेते हैं। अनाजों में कीड़ा न लगे इसलिए उसमें दवाई डालते हैं।

Page No : 83 , Block Name: पाठ से आगे

Q3 (क) तुम अपनी कक्षा में जब पहले दिन आए थे तो उस दिन क्या-क्या हुआ था? अपनी याद से अपने अनुभव को दस वाक्यों में लिखकर दिखाओ।

(ख) तुम चाहो तो 'पहला दिन' शीर्षक पर कुछ पंक्तियों की कोई कविता भी लिखकर दिखा सकते हो।



aglasem.com

Answer. (क) कक्षा का पहला दिन बहुत ही अद्‌भुत होता है | हम नए-नए बच्चों से मिलते है | नए शिक्षकों से हमारा परिचय होता है | हमारे कुछ नए दोस्त भी बनते है | स्कूल का माहौल, नियम समझने में हमें समय लगता है | सबकुछ नया होता है लेकिन जैसे हमारा परिचय अन्य बच्चों से और शिक्षकों से होता जाता है सब अच्छा लगने लगता है |

Answer. (ख) छात्र स्वयं करें |

Page No : 83 , Block Name: पहला दिन

Q4 सोचो-समझो और बताओ

क्या होगा–

(क) अगर वर्षा बिलकुल ही न हो।

(ख) अगर वर्षा बहुत अधिक हो।

(ग) अगर वर्षा बहुत ही कम हो।

(घ) वर्षा हो मगर आँधी-तूफ़ान के साथ हो।

(ङ) वर्षा हो मगर तुम्हारे स्कूल में छुट्टियाँ हों।

Answer. (क) अगर वर्षा बिल्कुल न हो तो हर तरफ सूखे की स्थिति हो जाएगी | धरती पर पानी की कमी हो जाएगी और फसल भी नहीं होगी |

(ख) अगर वर्षा बहुत अधिक हो तो हर जगह बाढ़ आ जाएगी | जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा |

(ग) अगर वर्षा बहुत कम हो तब भी पानी की कमी हो जाती है | फ़सलों पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा और वातावरण भी प्रभावित होगा |

(घ) आँधी-तूफ़ान के साथ वर्षा हो तो फसलों को नुकसान होता है | आँधी-तूफ़ान के कारण कई लोगों के मकान भी ढह जाते है | कई दुर्घटनाएँ भी होती है जिससे लोगों का बहुत नुकसान होता है |

(ङ) वर्षा हो और स्कूल में छुट्टियाँ हो तो बच्चे बारिश में भीगने और खेलने का मज़ा ले सकते है |

Page No : 84 , Block Name : सोचो-समझो और बताओ

Q5 कवि अपनी कल्पना से शब्दों के हेर-फेर द्वारा कुछ चीज़ों के बारे में ऐसी बातें कह देता है, जिसे पढ़कर बहुत अच्छा लगता है। तुम भी अपनी कल्पना से किसी चीज़ के बारे में जैसी भी बात बताना चाहो, बता सकते हो। हाँ, ध्यान रहे कि उन बातों से किसी को कोई नुकसान न हो। शब्दों के फेर-बदल में तुम पूरी तरह से स्वतंत्र हो।

Answer. समुद्र के किनारे सुबह-सुबह रेत के कण सोने की तरह चमकते है | समुद्र की लहरे इंद्रधुनष की तरह सतरंगी लगती है | ठंडी-ठंडी हवाएं अच्छी लगती है |

aglasem.com

Page No : 84 , Block Name : कल्पना की बात

Q6 तुम्हारा कवि और सबकी कविता

तुमने इस कविता में एक कवि, जिसने इस कविता को लिखा है, उसके बारे में जाना और इसी कविता में एक कवि कालिदास के बारे में भी जाना। अब तुम बताओ–

(क) तुम्हारे प्रदेश और तुम्हारी मातृभाषा में तुम्हारी पसंद के कवि कौन-कौन हैं?

(ख) उनमें से किसी एक कवि की कोई सुंदर-सी कविता, जो तुम्हें पसंद हो, को हिंदी में अनुवाद कर अपने साथियों को दिखाओ।

Answer. (क) कबीरदास, रहीम, महादेवी वर्मा, मीराबाई, जयशंकर प्रसाद |

(ख) बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय,

जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।

अर्थ: जब मैं इस संसार में बुराई खोजने चला तो मुझे कोई बुरा न मिला। जब मैंने अपने मन में झाँक कर देखा तो पाया कि मुझसे बुरा कोई नहीं है।

Page No : 84 , Block Name : तुम्हारा कवि और सबकी कविता

Q7 नीचे शब्दों के बदलते रूप को दर्शाने वाला नमूना दिया गया है। उसे देखो और अपनी सुविधानुसार तुम भी दिए गए शब्दों को बदलो।

नमूना –गिरना –गिराना –गिरवाना

(I )उठना .................., ..................

(ii )पढ़ना .................., ..................

(iii) करना .................., ..................

(iv) फहरना ................. ,..................

(v) सुनना .................., ..................

Answer.(i) उठना, उठाना , उठवाना

(ii) पढ़ना, पढ़ाना , पढ़वाना

(iii) करना, कराना , करवाना

(iv) फहरना, फहराना , फहरवाना

(v) सुनना, सुनाना , सुनवाना

aglasem.com

Page No : 84 , Block Name : नमूने के अनुसार

aglasem.com